CCI NG 3.7 Product: DelhiMasalamixBS PubDate: 14-01-2026 Zone: TIMSGurgaon Edition: 1 Page: HDGRBP User: deepak.upreti Time: 01-13-2026 21:00 Color:



# सादगी, कट और स्टाइल, विंटर का है नया अंदाज



**पॉलिश्ड और पावरफुल स्टाइलः** रकुल प्रीत सिंह के इस लुक में स्ट्रक्चर्ड फिट और ग्राफिक डिज़ाइन का खूबसूरत मेल है। ब्लैक बेस पर रेड स्क्वायर पैटर्न ड्रेस को बोल्ड और मॉडर्न बनाता है। हाई नेक और फुल स्लीव्स इसे एलिगेंट रखते हैं, जबकि बॉडी-हगिंग सिलुएट कॉन्फिडेंस को उभारता है। कपड़े की साफ कटिंग और मिनिमल डिटेलिंग से यह ड्रेस पॉलिश्ड और क्लासी लग रही है। यह पावर ड्रेसिंग का शानदार उदाहरण है।

Saroj.Dhuliya@timesofindia.com

सर्दियों का फैशन सिर्फ ठंड से बचने तक सीमित नहीं रहा, बल्कि अब यह पर्सनैलिटी, कॉन्फिडेंस और पावर ड्रेसिंग का ज़रिया बन चुका है। इस सीजन में सितारों के लुक्स साफ इशारा है कि कम रंग, साफ कट्स और सही लेयरिंग से भी बेहद स्ट्रॉन्ग स्टाइल स्टेटमेंट बनाया जा सकता है। हाल में कई मौकों पर नजर आईं श्वेता से लेकर खुशी कपूर और रकुल प्रीत सिंह तक, हर किसी का विंटर लुक एक अलग फैशन कहानी कहता नजर आया।



2026 का विंटर फैशन

## खुशी कपूर का बोल्ड पैटर्न के साथ यूथफुल एलिगेंस

खुशी कपूर ने इस लुक में स्ट्रक्चर्ड और फिगर-हगिंग ड्रेस (बॉडी पर लटकने वाली ड्रेस) को पूरे आत्मविश्वास के साथ कैरी किया है। ब्लैक बेस पर रेड स्क्वायर पैटर्न आउटफिट को बोल्ड और ग्राफिक अपील दे रहा है। फुल स्लीव्स और हाई नेक इसे एलिगेंट बना रहे हैं, जबकि सिलुएट इसमें मॉडर्न टच जोड़ रहा है। मिनिमल एक्सेसरीज और स्लीक हेयरस्टाइल से पूरा फोकस ड्रेस की डिजाइन पर बना हुआ है। सादगी और स्ट्रॉन्ग स्टाइल के साथ यह लुक फबता है।



## सादगी में क्लास श्वेता तिवारी का स्टाइल

नए साल का स्वागत श्वेता तिवारी ने यूरोप में किया। इस दौरान उनका लुक सिंपल और बेहद एलिगेंट लगा। ऑल ब्लैक आउटफिट संग ब्लैक एंड वाइट स्ट्राइप्ड स्कार्फ, लुक को क्लासी टच दे रहा है। लॉन्ग सिलुएट और सॉफ्ट लेयरिंग इसे आरामदायक और स्टाइलिश बना रही है। डार्क सनग्लासेज और नेचुरल हेयरस्टाइल से लुक कॉन्फिडेंट लग रहा है। कैजुअल वॉक, ट्रैवल या सोलो आउटिंग के लिए यह ऑप्शन अच्छा है।


## क्या है इस सीजन की खासियत

- **लेयरिंग का जादूः** टर्टलनेक के ऊपर जैकेट, कोट या पफर-लेयरिंग इस सीजन का सबसे बड़ा ट्रेंड है, जो स्टाइल के साथ गर्म भी रखता है।
- **ओवरसाइज़ कोट और जैकेटः** ओवरसाइज़्ड ट्रेंच कोट, पफ जैकेट्स और लॉन्ग कोट्स न सिर्फ कम्फर्टेबल होते हैं, बल्कि आपको ट्रेंडी भी दिखाएंगे।
- **टेक्सचर फैब्रिक्सः** वूल, कश्मीरी, निटवर्क और फ्लीस जैसे टेक्सचर फैब्रिक्स लुक में रिचनेस जोड़ने में खासे काम आते हैं।
- **डार्क और रिच कलर्सः** ब्लैक, वाइन, चॉकलेट ब्राउन, फॉरेस्ट ग्रीन जैसे डीप शेड्स इस सीजन की पहचान हैं।
- **एक्सेसरीज का महत्वः** स्कार्फ, बीनी, ग्लव्स और स्टाइलिश बूट्स, विंटर लुक को पूरा करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं।
- **सिलुएट्स की वैरायटीः** फिटेड बॉडीकॉन ड्रेस से लेकर रिलैक्स्ड और फ्लोई सिलुएट, दोनों ही ट्रेंड में हैं।

> इस विंटर फैशन में कम में ज्यादा का ट्रेंड है। श्वेता की सादगी हो या खुशी और रकुल का बोल्ड स्टाइल, हर लुक साबित करता है कि आत्मविश्वास ही सबसे बड़ी एक्सेसरी है। -प्रीति चंद्र, डिजाइनर

> ओवरसाइज्ड स्वेटर, वुलन स्कर्ट, लॉन्ग कोट और को-ऑर्ड सेट इस साल ट्रेंड में हैं। स्टाइलिश बीनी, स्कार्फ, बूट्स और जूलरी से आप लुक को परफेक्ट बना सकते हैं। -रीना सिंह, डिजाइनर

# सेहत का नया फोकस गट-हेल्दी डाइट



**इस साल लोग पाचन, इम्युनिटी और वेलनेस के लिए खासतौर से गट हेल्थ पर फोकस कर रहे हैं:**

अब लोग समझने लगे हैं कि अच्छी सेहत की शुरुआत आंतों से होती है, इसलिए लोगों का फोकस ऐसी डाइट की तरफ बढ़ रहा है, जो गट हेल्थ को सही रखे।

## गट हेल्दी डाइट क्या है?

गट-हेल्दी डाइट का मतलब ऐसे खाने से है, जो हमारी आंतों में मौजूद अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाए। ये बैक्टीरिया पाचन सुधारने के साथ सूजन कम करते हैं और इम्युनिटी को बेहतर बनाते हैं। इसके लिए फाइबर से भरपूर, ताजा और कम प्रोसेस्ड खाना सबसे जरूरी है। इसमें फाइबर युक्त भोजन जैसे, फलों में सेब और जामुन, खाने में हरी पत्तेदार सब्जियां, ओट्स और ब्राउन राइस जैसे साबुत अनाज, दालें और बीन्स पाचन को दुरुस्त रखते हैं। इसके अलावा, प्रोबायोटिक फूड्स जैसे दही, छाछ, केफिर, किमची और कोम्बुचा जैसे फर्मेंटेड फूड्स आंतों के अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाते हैं। हेल्दी फैट्स में जैतून का तेल, एवोकाडो, बादाम, अखरोट, चिया और अलसी के बीज गट हेल्थ के लिए अच्छे होते हैं। अच्छे प्रोटीन स्रोत के तौर पर दालें, बीन्स और सीमित मात्रा में मछली या चिकन को डाइट में शामिल किया जा सकता है।

### इनको करें शामिल

- **फाइबर युक्त भोजनः** फल, सब्जियां, साबुत अनाज, दालें
- **प्रोबायोटिक फूड्सः** दही, छाछ, फर्मेंटेड खाद्य पदार्थ
- **प्रीबायोटिक फूड्सः** केला, लहसुन, प्याज, ओट्स
- **हाइड्रेशनः** 4 से 5 गिलास पानी, नारियल पानी
- **हेल्दी फैटः** नट्स, बीज, थोड़ा देसी घी प्रोसेस्ड और पैकेज्ड फूड
- **सही तरह से खानाः** धीरे-धीरे और चबाकर ही खाने को खाएं
- **संतुलित खानाः** संतुलित और सादा आहार गट हेल्थ को लंबे समय तक बेहतर बनाए रखता है

### इनसे करें परहेज

- अत्यधिक प्रोसेस्ड फूड के सेवन से बचें
- ज्यादा चीनी और मीठे पेय
- तले-भुने और ट्रांस फैट युक्त खाद्य
- अल्कोहल और ज्यादा कैफीन
- बहुत तीखा और जंक फूड
- तनाव से बचें



**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in